TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

**18 जुलाई 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हर महान उपलब्धि का आरंभ एक

छोटे कदम से होता है ।

**नेल्सन मंडेला**

( द. अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति )



जन्म : **18** जुलाई **1918** मृत्यु : **05** दिसम्बर **2013**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

18 जुलाई

## मधु प्रिया

# कादम्बिनी गांगुली का जन्म 18 जुलाई



कादम्बिनी गांगुली का जन्म 18 जुलाई, 1861 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। कादम्बिनी गांगुली के पिताजी का नाम बृजकिशोर बासु था। कादम्बिनी गांगुली को भारत की पहली महिला फ़िज़िशिएन कहा जाता है वह बिर्टिश भारत की पहली महिला ग्रेजुएट भी थी।भारतीय राष्ट्रिय कांग्रेस के पहले अधिवेशन में भाषण देने का गौरव भी कादम्बिनी गांगुली को ही प्राप्त है। कादम्बिनी गांगुली पहली दक्षिण एशियाई महिला थी, जिन्होंने यूरोपियन मेडिसिन में शिक्षा प्राप्त की थी। कोयला खदानों में काम करने वाली महिलाओं की लचर स्थिति देखकर इन्हें काफी धक्का लगा। इन्होने उन महिलाओं के विकास के लिए बहुत काम किया। कादंबिनी एक चिकित्सक होने के साथ साथ एक परोपकारी महिला भी थी जिन्होंने महिलाओ के अधिकार के लिए आवाज उठायी थी। जब वह विदेश से अपनी पढ़ाई पूरी करके भारत वापस आयी थी तो उन्होंने भारत की महिलाओ के अधिकार के लिए रूढ़िवादी समाज के खिलाफ अभियान चलाया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शुरुआत वर्ष 1885 से हुयी थी जिसमे महिलाओ को बोलने की अनुमति नहीं दी जाती थी । इस बात के लिए इनके पति द्वारकानाथ गांगुली शुरू से ही आवाज उठा रहे थे लेकिन साल 1889 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बैठक में बोलने के लिए 6 महिलाये चुनी गयी थी। इन 6 महिलाओ में कादंबिनी गांगुली भी शामिल थी। कादंबिनी गांगुली की मृत्यु 3 अक्टूबर 1923 ब्लड प्रेसर के कारण हुई थी।

Teachers of Bihar

The change makers

# जयंती विशेष 18 जुलाई




**नेल्सन मंडेला** *Nelson Mandela*, जन्म:18 जुलाई, 1918 - मृत्यु: 5 दिसम्बर, 2013) दक्षिण अफ़्रीका के भूतपूर्व राष्ट्रपति थे। नेल्सन मंडेला यहाँ के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बने थे। उन्होंने अपनी ज़िंदगी के 27 वर्ष रॉबेन द्वीप पर कारागार में रंगभेद नीति के ख़िलाफ़ लड़ते हुए बिताए।




# ICC टेस्ट बैटर्स रैंकिंग

| स्थान | टीम | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | जो रूट | इंग्लैंड | 888 |
| 2 | केन वि लियमसन | न्यूजीलैंड | 867 |
| 3 | हैरी ब्रुक | इंग्लैंड | 862 |
| 4 | स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 816 |
| 5 | यशस्वी जायसवाल | भारत | 801 |
| 6 | टेम्बा बावुमा | दक्षिण अफ्रीका | 790 |
| 7 | कमिंडू मेंडिस | श्रीलंका | 781 |
| 8 | ऋषभ पंत | भारत | 779 |
| 9 | शुभमन गिल | भारत | 765 |
| 10 | जेमी स्मिथ | इंग्लैंड | 752 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 18.07.2025

## खुली पूछताछ दृष्टिकोण

खुली पूछताछ दृष्टिकोण, जिसे पूछताछ-आधारित शिक्षण भी कहा जाता है, एक शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण है जिसमें छात्रों को अपने स्वयं के प्रश्न पूछने और उनका पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. यह दृष्टिकोण छात्रों को सक्रिय रूप से सीखने और महत्वपूर्ण सोच कौशल विकसित करने में मदद करता है.

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भारतीय अंतरिक्ष यात्री **शुभांशु शुक्ला** अपने क्रू मेंबर के साथ धरती पर लौट आए हैं। **10 दिन** के आइसोलेशन के बाद उनका **सामान्य जीवन** शुरू होगा।

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"

बात अगर मतलब की हो,
तो सब समझ जाते हैं
लेकिन बातों का मतलब समझना,
किसी किसी को आता है।

**हरिवंशराय बच्चन**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR

THE CHANGE MAKERS



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की
स्टार बल्लेबाज

## स्मृति श्रीनिवास मन्धाना

को जन्मदिन की अनंत
शुभकामनाएं एवं बधाइयां।

18 जुलाई 1996

HAPPY BIRTHDAY!!

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

ज्ञानपीठ पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त बंग्ला साहित्यकार



## विष्णु डे

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 18 जुलाई 1909 - मृत्यु - 03 दिसंबर 1982

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

भारत की प्रथम महिला डॉक्टर,
पहली स्नातक

# कादम्बिनी गांगुली

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 18 जुलाई 1861
मृत्यु- 3 अक्टूबर 1923



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



विश्व में रंगभेद का विरोध करने के प्रतीक , भारत रत्न एवं नोवेल पुरस्कार से सम्मानित, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति

## नेल्सन मंडेला

की जयंती पर सादर नमन।

18 जुलाई 1918 – 5 दिसम्बर 2013

www.teachersofbihar.org

Madhu priya